/font>

Title: Need to provide employment to the people displaced by coal mines in Korba region, Chhattisgarh- Laid.

डॉ0 चरणदास महंत (जांजगीर) : उपाध्यक्ष महोदय, कोयला अंचल कोरबा के आसपास के 9 कोयला खदानों के विस्थापितों को अभी तक रोजगार नहीं दिया गया है। इन खदानों को प्रारंभ हुए 15 से 20 साल हो चुके हैं। इन खदानों में 8031 लोग विस्थापित हुए थे, परंतु अभी तक लगभग 2200 भूस्थापित परिवार रोजगार के लिए दर-दर भटक रहे हैं। भूविस्थापितों के संबंध में केन्द्र और राज्य सरकार की कोई स्पट नीति नहीं है, जिसके कारण सरकार भूविस्थापितों की समस्या का निदान अभी नहीं हो पाया है। प्रारंभ में एस.ई.सी.एल. कोरबा जिले में संचालित 9 कोयला खदानों में विस्थापितों के नौकरी के आंकड़ों के अनुसार प्रभावितों की कुल संख्या 8031 थी। 10.10.2001 और 10.12.2002 की बैठकों के अनुसार क्रमशः 5820 और 99 प्रभावितों को रोजगार प्राप्त हो पाया। 22.2.2003 की सूचना के अनुसार अभी 2119 प्रभावितों को रोजगार प्रदान करना शो है। प्रत्येक बैठक में स्पट निर्देश थे कि सामूहिक विकास कार्यक्रम की जानकारी जनप्रतिनिधियों को भी दी जाये एवं उनका अनुमोदन लिया जाये, लेकिन आज तक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि विस्थापितों को रोजगार प्रदान करने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार स्पट नीति तय करें तथा शो प्रभावित विस्थापितों को शीघ्र रोजगार प्रदान किया जाये।